# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र–231216

**E-Mail Id-***eecdjnsonebhadra@gmail.com* ***CUG Mobile No.*-** +91 9473941817

पत्रांक 1134 / W-16 / 112 दिनांक– 12-06-2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 10 जून 2026 को प्रकाशित शीर्षक "सोमा में पेयजल संकटः संघर्ष मोर्चा ने डी0एम0 से तत्काल व्यवस्था की मांग की, कपड़े से छानकर पी रहे पानी" की आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 10 जून 2026 को प्रकाशित शीर्षक "सोमा में पेयजल संकटः संघर्ष मोर्चा ने डी0एम0 से तत्काल व्यवस्था की मांग की, कपड़े से छानकर पी रहे पानी" के सम्बन्ध में आख्या निम्नानुसार है–

उक्त के संदर्भ में अवगत कराना है कि जनपद सोनभद्र विकास खण्ड नगवां के ग्राम सोम में जल जीवन मिशन "हर घर जल" योजनान्तर्गत नगवां पेयजल योजना का निर्माण कार्यदायी फर्म मेंसर्स वी0पी0आर0पी0एल0, जोधपुर द्वारा कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत ग्राम सोमा में टेस्टिंग एवं कमिशनिंग का कार्य फर्म द्वारा कराया जा रहा है। ग्राम के 50 प्रतिशत घरों में कमिशनिंग का कार्य करा दिया गया है। शेष 50 प्रतिशत घरों में पाइप लाइन टेस्टिंग एवं कमिशनिंग का कार्य फर्म द्वारा कराया जा रहा है, जिसको 01 सप्ताह में पूर्ण कर नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ किया जाना सम्भावित है।

जनपद सोनभद्र में पेयजल संकट के निवारण हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी एवं विकास खण्ड स्तर पर वार्ता कर पेयजल संकट ग्रस्त ग्रामो में टैंकर के माध्यम से पेयजलापूर्ति किये जाने हेतु योजना तैयार की गयी है। गर्मी के दिनों में पेयजल से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु खण्ड स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें मो0नं0– 9555407375 व 6392808813 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। कृपया उक्त प्रकरण को निक्षेपित कराने की कृपा करें।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्नकः– फोटोग्राफ्स।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता


<u>पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।</u>

<u>प्रतिलिपि</u>:– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, सोनभद्र।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, सोनभद्र।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर।
6. सम्बन्धित परियोजना प्रबन्धक, जल जीवन मिशन, सोनभद्र।

अधिशासी अभियन्ता




Mahuli, Uttar Pradesh, India





# सोमा में पेयजल संकट पर ग्रामीणों का गुस्सा: संघर्ष मोर्चा ने DM से तत्काल व्यवस्था की मांग की, कपड़े से छानकर पी रहे पानी

मनोज कुमार वर्मा | सोनभद्र
2 दिन पहले



दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us
फीडबैक दें

सोनभद्र के नगवा ब्लाक के सोमा ग्राम पंचायत में किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा ने जन चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र में गंभीर पेयजल संकट पर रोष व्यक्त किया। यह चौपाल मोर्चा के "पेड़ है तो प्राण है" अभियान के तहत आयोजित की गई थी। इसमें पर्यावरण संरक्षण, वन संपदा संवर्धन, सोनभद्र में तेंदुआ सफारी और कृषि वानिकी विश्वविद्यालय की स्थापना जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई।



मोर्चा संयोजक संदीप मिश्रा ने ग्रामीणों से संवाद किया। ग्रामीणों ने बताया कि सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन और हर घर नल योजना के बावजूद उन्हें स्वच्छ पेयजल नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, वे पीने के लिए आज भी नाले और तालाबों के पानी को कपड़े से छानकर इस्तेमाल करने को मजबूर हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है।

फीडबैक दें

आज का राशिफल
मेष
मेष | Aries
पॉजिटिव- आर्थिक नजरिये से आज का दिन अनुकूल रहेगा। प्रॉपर्टी से जुड़ी कोई बेहतरीन डील भी संभव है। संतान के करियर से जुड़ी किसी समस्या को लेकर किसी खास व्यक्ति से उचित
और पढ़ें

Download App from
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
Follow us on



संदीप मिश्रा ने मौके पर ही जिलाधिकारी सोनभद्र और जल निगम के अधिकारियों से बात कर स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने प्रशासन पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद वनवासी क्षेत्रों में स्वच्छ पानी की कमी शासन-प्रशासन की गंभीर विफलता है।



मिश्रा ने चेतावनी दी कि यदि सोमा ग्राम पंचायत में शीघ्र पेयजल की उचित व्यवस्था नहीं की गई, तो

Grievance Redressal Policy |
Contact Us | RSS |
Cookie Policy | Privacy Policy

Our Divisions
DainikBhaskar.com
DivyaBhaskar.com
BhaskarEnglish.in
DivyaMarathi.com
MoneyBhaskar.com
BhaskarAd.com

Copyright © 2024-25 DB Corp ltd., All Rights Reserved

This website follows the DNPA Code of Ethics.

फीडबैक दें

इसकी पूरी जिम्मेदारी जल निगम और जिला प्रशासन की होगी।

इस कार्यक्रम में आकाश चौहान, शत्रुघ्न बिंद, विजय चौहान, बिंदु खरवार, मुखलाल चेरो, सुष्मिता धनगर, दिनेश चेरो, नागेंद्र धनगर, आकाश, राज, राधा, कन्हैया लाल सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं ➔

+Follow us

## खबरें और भी हैं...

**दिव्यांग राहुल को जिलाधिकारी ने दी ट्राई साइकिल:** जनसुनवाई में मिली सहायता, आवागमन में मिलेगी मदद



सोनभद्र › शेयर

**सोनभद्र में अपना दल (एस) की मासिक बैठक:** संगठन विस्तार और पंचायत चुनाव की तैयारियों पर हुआ मंथन



बभनी › शेयर

**सोनभद्र में गोरादह पुलिया के नीचे मिला युवक का शव:** हुई पहचान, दो दिन से था लापता



फीडबैक दें